हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 11 जुलाई 2025

06 गुरुओं के चरणों को नमन व दीक्षा ग्रहण ...

07 प्रसूताओं के शिविर में अव्यवस्थों पर सीएमएचओ...

खबर संक्षेप

लाड़ली बहनों को कल मिलेगी राशि

सीहोर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लाडली बहनों के खाते में 12 जुलाई को राशि अंतरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि अगले माह अगस्त में रक्षाबंधन के अवसर पर लाड़ली बहना योजना के तहत वर्तमान में दी जा रही मासिक आर्थिक सहायता राशि के साथ 250 रूपए की विशेष सहायता राशि भी अंतरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की करीब 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले मंत्रीगण को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार के एक नवाचार को दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने भी अपना लिया है। मध्यप्रदेश की तरह जेएनयू दिल्ली में भी कुलपति अब कुलगुरु के नाम से जाने जाएंगे।

विद्युत वितरण कंपनियों के लिए 49 हजार 263 नवीन पद स्वीकृत

सीहोर। प्रदेश की पूर्व, पश्चिम एवं मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनियों की संगठनात्मक संरचना मंत्रि-परिषद द्वारा अनुमोदित कर दी गई है। प्रस्ताव में 49 हजार 263 नवीन पदों सहित कुल 77 हजार 298 पदों की स्वीकृति दी गई है। सभी पद नियमित है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने वर्ष 2011 के बाद विद्युत कंपनियों की संगठनात्मक संरचना की स्वीकृति पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि यह मुख्यमंत्री डॉ. यादव का दूरदर्शितापूर्ण निर्णय है। इससे बिजली कंपनियां सशक्त होंगी तथा उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं मिलेंगी।

जिला सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक आयोजित

सीहोर। अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अत्याचार पीड़ितों के मामले में पूरी संवेनदशीलता के साथ कार्यवाही की जाए ताकि व्यक्ति को न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के सदस्यों के खिलाफ होने वाले अत्याचारों को रोकने के लिए बनाया गया है।

ये है एमपी का बिजौरा: श्मशान के हैंडपंप से बुझ रही विद्यार्थियों की प्यास!

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नवीन शिक्षण सत्र के शुरू हुए एक महीना हो गया है। स्कूलों की स्थितियों को जानने के लिए हरिभूमि ने पड़ताल की शुरुआत की है। इस पड़ताल में मुख्यालय से 7 किलोमीटर दूर बिजौरा गांव के सरकारी स्कूल का जायजा लिया। यहां स्कूल का खुद का भवन नहीं है, जो भवन था वह जर्जर हालत में पहुंच गया है, इस कारण से यह अब ग्राम पंचायत कार्यालय परिसर में मौजूद दो अतिरिक्त कक्षों में माध्यमिक स्कूल संचालित हो रहा है।

स्कूल में व्यवस्थाओं के नाम पर कुछ भी नहीं है। ग्राम पंचायत कार्यालय के समीप ही स्कूल भवन है, लेकिन वह बहुत जर्जर हालत में पहुंच गया है, जो कभी भी भरभरा का गिर सकता था।

हरिभूमि आंखों देखी...

नतीजतन जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने इस भवन को खाली करने की बात कहकर ग्राम पंचायत कार्यालय परिसर में बने अतिरिक्त कक्षों में स्कूल संचालित करने के निर्देश दिए थे, तब से यही स्कूल संचालित हो रहा है। हालांकि परेशानी यह है कि महज दो कक्ष है, नतीजतन इन्हीं दो कमरों में पहली से लेकर आठवीं तक की कक्षाएं संचालित की जा रही है।

सरकारी स्कूल का बुरा हाल, दो कमरों में चल रहीं आठ कक्षाएं

खराब पड़ा हैंडपंप, पानी पीने श्मशान जाते बच्चे: स्कूल में बच्चों के पेयजल इंतजाम के लिए स्कूल के पास ही हैंडपंप लगा है, जो खराब पड़ा है। स्कूल के बच्चे मध्यान्ह भोजन करने के बाद स्कूल से आधा किलोमीटर दूर स्थित श्मशान परिसर में लगे हैंडपंप पर कीचड़ भरे रास्ते से होकर प्यास बुझाने पानी पीने के लिए जाते हैं। बारिश होने पर बच्चे अपने घर पानी पीने के लिए पहुंचते हैं। पेय जल समस्या के कारण बच्चे परेशान होते है।

पीने के पानी की परेशानी

पुराना स्कूल भवन जर्जर है, इसलिए इन दो अतिरिक्त कक्षों में कक्षाएं संचालित कर रहे हैं। पेयजल के लिए हैंडपंप लगा है, लेकिन वह खराब है। सुधरवाने के लिए पीएचई विभाग को सूचित किया है।

शिवनारायण गौर, हेड मास्टर माध्यमिक स्कूल बिजौरा

पीएचई में की शिकायत, सुनवाई नहीं

स्कूल के स्टॉफ ने बताया कि स्कूल का हैंडपंप बीते कई दिनों से खराब पड़ा है, जिसकी वजह से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हैंडपंप को सुधरवाने के लिए 4-5 बार पीएचई विभाग को सूचित किया जा चुका है, लेकिन अब तक हैंडपंप को सुधारा नहीं जा सका है।

भवन के लिए नहीं मिल रही जगह

स्कूल भवन के जर्जर होने पर शासन द्वारा नए भवन की स्वीकृति देने के साथ ही राशि भी आवंटित की जा चुकी है, लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा अब तक जगह उपलब्ध नहीं कराई है, जिसकी वजह से भवन का निर्माण शुरू नहीं हो सका है। पहले से मौजूद स्कूल भवन की जगह छोटी है एवं सडक़ किनारे होने से हादसे का डर बना रहता है। स्कूल प्रबंधन ने ग्राम पंचायत से अन्य किसी स्थान पर जगह उपलब्ध कराए जाने की बात कही गई है, जैसे ही जगह उपलब्ध होगी भवन का निर्माण शुरू हो जाएगा।

गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर कुबेरेश्वरधाम पहुंचे 3 लाख से अधिक श्रद्धालु

बचपन खेल में खोया, जवानी नींद भर सोया बुढ़ापा देख कर रोया, किस्सा पुराना है: मिश्रा

गुरुवार अल सुबह से ही श्रद्धालुओं की लगी कतारे पंडित श्री मिश्रा ने श्रद्धालुओं को सामूहिक रूप से देर शाम तक दीक्षा दी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बचपन खेल में खोया, जवानी नींद भर सोया, बुढ़ापा देख कर रोया, वही किस्सा पुराना है। हर जन्म में यही होता है। सारा जीवन बीत जाता है अंतिम समय में जब शक्ति समाप्त होती है शरीर में तब जीने का तरीका समझ में आता है तब व्यक्ति जीना चाहता है परंतु शक्ति ना होने के कारण सिर्फ पश्चाताप ही कर पाता है और यही सोचता है कि चलो अब तो जीवन बीत गया अगले जन्म में करेंगे और ऐसे ही वह हर जन्म में डालता रहता है और कितने ही जन्म-जन्म बीत जाते हैं और व्यक्ति का मोक्ष नहीं हो पाता इसलिए सावधान रहें अपने बड़े बुजुर्गों की बातों से लाभ उठाएं वेदों का अध्ययन करें और सलाह मानें आप का कल्याण हो जाएगा। वैसे से जीवन में चार गुरु रहते है। जिसमें माता, पिता, शिक्षक और सद्गुरु जो आपको सद्मार्ग की ओर ले जाता है। उक्त विचार जिला मुख्यालय स्थित कुबेरेश्वरधाम पर स्थित गुरु पूर्णिमा महोत्सव के छठवें दिवस अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने भव्य पंडाल में अपने प्रवचन के दौरान कहे।

उन्होंने कहाकि हर साल यहां पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां पर भगवान शिव की कृपा से सत्य कार्य करने और अपने जीवन को सफल बनाए जाने के लिए दीक्षा लेने आते है उन्होंने अपने संदेश में कहाकि आप सभी से मेरा निवेदन है कि आप जिस भगवान को मानते है उसको अपना गुरु बनाओ, क्योंकि भगवान शिव से बड़ा कोई गुरु नहीं है, इसलिए शंकर को आदि गुरु कहा जाता है। मां पार्वती ने भगवान शिव को अपना गुरु बनाया था। उन्होंने गुरु का महत्व बताते हुए कहाकि सद्गुरु या आध्यात्मिक गुरु, का मुख्य उद्देश्य अपने शिष्यों को सेवा और धर्म के मार्ग पर प्रेरित करना और उन्हें इस मार्ग पर चलने में मदद करना है। सद्गुरु, एक मार्गदर्शक के रूप में, शिष्यों को सही दिशा दिखाते हैं और उन्हें आध्यात्मिक ज्ञान और मुक्ति की ओर ले जाते हैं। गुरुवार अल सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतारे लगी हुई थी, इसके बाद सुबह सात बजे से पंडित श्री मिश्रा ने यहां पर आए श्रद्धालुओं को सामूहिक रूप से देर शाम तक दीक्षा ग्रहण करने के साथ दर्शन, प्रवचन और भगवान की पूजा अर्चना की। अंतिम दिन भंडारे में करीब तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं को

प्रसादी का वितरण किया। करीब 12 घंटे से अधिक समय तक चले भव्य आयोजन में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। यहां पर छह दिवसीय कार्यक्रम देश के कोने-कोने से श्रद्धालुओं ने कथा, प्रवचन और दीक्षा प्राप्त की।

भगवान कृष्ण, ऋषि दुर्वासा की कथा का वर्णन

पंडित श्री मिश्रा ने कहाकि गुरु आपकी परीक्षा लेते है। भगवान श्री कृष्ण और ऋषि दुर्वासा के बीच एक ऐसा प्रसंग हुआ था जिसमें एक शिष्य की अपने गुरु के लिए अविश्वसनीय भक्ति दिखती है। कथा के अनुसार, भगवान श्री कृष्ण अपने गुरु का मान रखने के लिए न केवल रथ का घोड़ा बने बल्कि अपने मृत्यु के सत्य का ज्ञान होने के बावजूद अपने गुरु के सम्मान की खतिर उस मृत्यु के कारण को अपना लिया था। एक बार दुर्वासा ऋषि अपने शिष्यों के साथ द्वारका नगरी के पास से गुजर रहे थे। राह में उन्होंने अपने शिष्य श्री कृष्ण से मिलने की इच्छा हुई। उन्होंने अपने शिष्यों को श्री कृष्ण को बुलाकर लाने को भेजा। उनके शिष्य ने द्वारका जाकर द्वारकाधीश को उनके गुरुदेव का संदेश दिया। संदेश सुनते ही श्री कृष्ण नंगे पैर दौड़े-दौड़े अपने गुरु से मिलने आए और उनसे द्वारका नगरी चलने के लिए विनती की लेकिन दुर्वासा ऋषि जी ने चलने से इनकार कर दिया। कृष्ण ने अपने गुरु से पुनः चलने के लिए आग्रह किया। दुर्वासा ऋषि मान गये लेकिन उन्होंने एक शर्त रखी। उन्होंने कहा कि वो जिस रथ से जायेंगे, उसे घोड़े नहीं खीचेंगें बल्कि एक तरफ से कृष्ण और एक तरफ से उनकी पत्नी रुक्मिणी खीचेंगी। श्री कृष्ण मान गये और वह दौड़ते हुए पत्नी रुक्मिणी के पास गए। रुक्मिणी को उन्होंने गुरुदेव दुर्वासा की शर्त बताई। रुक्मिणी मान गईं और फिर दोनों गुरुदेव के पास वापस आये और उनसे रथ पर बैठने की विनती की। उन्होंने इस प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया।

संकट के समय गुरु नहीं गुरु मंत्र काम आता

पंडित श्री मिश्रा ने कहाकि संकट के समय गुरु नहीं गुरु मंत्र काम आता है। शहर में गीता बाई पाराशर रही जो जगह-जगह भोजन बनाने का कार्य करती थीं। उन्होंने श्रीमद भागवत कथा का संकल्प लिया था पर पैसा नहीं था। उन्होंने कथा करवाई, उस समय न भागवत थी न ही धोती कुर्ता। उन्होंने कहा कि पहले आप गुरु दीक्षा लीजिए, गुरु दीक्षा लेने हम इंदौर गोवर्धन नाथ मंदिर गए। वहां से दीक्षा ली। मेरे गुरुजी ने ही मुझे धोती पहनना सिखाई, और उन्होंने छोटी सी पोथी मेरे हाथ में दे दी। वर्तमान में भी उनके मंत्र और उनके आशीर्वाद से मैं धर्म का कार्य कर रहा हूं।

सिविल अस्पताल में नर्स को सांप ने काटा, चल रहा उपचार

बुधनी। सिविल अस्पताल की एक स्टाफ नर्स को सांप ने काट लिया जब इस बात की भनक मरीजों को लगी तो वहां अफरा तफरी का माहौल बन गया। अब इसे लापरवाही कहें या अस्पताल प्रबंधन की चूक खैर जो भी हो लेकिन सवाल यह भी उठता है कि मरीज और उनके परिजन अपने आप को अस्पताल में कैसे सुरक्षित मान लें अस्पताल भवन के पीछे जंगल होने पर पिछले चेनल गेट से पहले भी अस्पताल परिसर में सांप,गोहरे प्रवेश कर चुके हैं जिन्हें कर्मचारियों द्वारा वहां से हटाया गया था गुरूवार को करीब1 बजे ड्यूटी पर तैनात स्टॉफ नर्स अंबिका सक्सेना प्रसूति गृह से वार्ड की ओर जा रही थीं इस दौरान परिसर में फर्श पर बैठे सांप पर उनका पैर पड़ गया इस पर सांप ने उन्हें पैर में काट लिया नर्स की चीख पुकार और अस्पताल में सांप होने की बात सुनकर वार्ड में हड़कंप मच गया वहां भर्ती मरीजों में दहशत पैदा हो गई सांप काटने के बाद स्टोर रूम की ओर चला गया जिसे अस्पताल में मौजूद स्टाफ ने सर्प विशेषज्ञ को बुलाकर सांप पकड़ने की कोशिश की लेकिन सांप नजर नहीं आया सुरक्षा की दृष्टि से जिस कमरे में सांप दिखा था उसे बंद कर दिया गया है। इस मामले में बीएमओ धनजीत बड़ोदिया का कहना है कि अस्पताल परिसर में सांप निकलने की घटना सामने आई है जिसमे परिसर के आसपास सफाई करवाई जाएगी ओर चैनल गेट पर जाली लगाकर बंद करवा देंगे।

ई-रेशम पोर्टल पर करे आवेदन

सीहोर। शासन के कृटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा जिला रेशम कार्यालय के क्षेत्रान्तर्गत विगागीय मलबरी रेशम उत्पादन के लिए कृषक योजनान्तर्गत ई-रेशम पोर्टल https://cresham.mp.gov.in पर योजना के प्रावधानों का पठन कर उपयुक्त होने की स्थिति में आवेदन निर्धारित समयावधि में दर्ज करा सकते है। उप संचालक रेशम श्री योगेश कुमार परमार ने बताया कि दर्ज आवेदनों पर विभागीय दिशा निर्देशानुसार चयन उपरांत प्रथकतः सूचित किया जावेगा। चयन पत्र जारी होने के पूर्व कृषक विभागीय योजनान्तर्गत किसी भी हित/लाभ के दावेदार नहीं होंगे।

बारगी बांध के 17 गेट खोले नर्मदा का जल स्तर बढ़ा, स्नान पर लगा प्रतिबंध

नर्मदा स्नान करने आए श्रद्धालु बिना स्नान के वापस लौटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

लगातार हो रही भारी बारिश के चलते बरगी बांध के 17 गेट खोले गए हैं, जिससे नर्मदा नदी का जल स्तर तेजी से बढ़ गया है। नर्मदा किनारे रहने वाले नागरिकों की सुरक्षा व्यवस्था बनाने बाड़ की स्थिति उत्पन्न होने आपदा से निपटने लगातार स्थानीय प्रशासन और पुलिस प्रशासन भी लगातार नर्मदा घाटों पुल पुलिया रपटो पर जाकर जायज़ा ले रहें है। और पुल पुलिया रपटो पर पुलिस प्रशासन द्वारा टीम गठित कर पुलिस कर्मियों तैनाती कर बैरिकेटिंग की गई है। गुरुवार सुबह नीलकंठ घाट पर पानी का स्तर लगभग 25 से 30 फीट तक पहुंच गया था। नर्मदा किनारे लगे आसपास के क्षेत्र में जलभराव की स्थिति भी निर्मित होने लगीं।गुरू पूर्णिमा पर्व त्यौहार को देखते हुए भैरूंदा एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी के निर्देश पर नर्मदा के सभी घाटों पर स्नान करने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि वे नर्मदा घाटों की ओर न जाएं और किसी भी तरह का जोखिम न लें। गुरु पूर्णिमा पर्व पर हर साल हजारों श्रद्धालु नर्मदा स्नान करने आते हैं, लेकिन इस बर्ष गुरु पूर्णिमा पर नर्मदा नदी में का जलस्तर अधिक होने पर घाटों पर श्रद्धालुओ आमजन को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए गए हैं।

नीलकंठ घाट, मंडी, सातदेव, छीपानेर सहित अन्य प्रमुख घाटों राजस्व विभाग और पुलिस की टीमें तैनात की गई। जो लगातार निगरानी कर रही हैं और आमजन स्थानीय लोगों को घाटों की ओर जाने से रोक रही हैं।

एक हज़ार किमी दूर से आए श्रद्धालु बिना स्नान ही लौटे

प्रसिद्ध स्थल नीलकंठ घाट में स्नान करने हरियाणा करनाल के कुरुक्षेत्र से महिलाएं छोटे बड़े बच्चे स्नान करने 1हज़ार किलो मीटर दूर से आए थे। उन्हें क्या पता की स्थिति उत्पन्न होंगी नर्मदा का जल स्तर देख बह सभी हैरान हों गए और पुलिस एवं राजस्व की टीम ने उन्हें स्नान करने से रोका दिया। सभी महिला श्रद्धालु ने बताया कि हम 15 सदस्य हरियाणा करनाल के कुरुक्षेत्र से सीहोर कुवरेश्वरधाम प्रदीप मिश्रा जी की कथा में शामिल होने आए थे। इस दौरान नीलकंठ प्रसिद्ध घाट पर स्नान करने आए थे लेकिन यहां पर प्रशासन द्वारा प्रतिबंध लगाया गया है। अब बिना स्नान ही जाना पड़ रहा है। तहसील मुख्यालय प्रभारी संदीप गौर ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से घाटों पर बैरिकेडिंग की गई है और पुलिस बल के साथ-साथ राजस्व विभाग की टीम को भी तैनात किया गया है।राजस्व विभाग द्वारा गठित टीम ने आज नीलकंठ घाट का निरीक्षण किया और मौके पर उपस्थित स्थानीय लोगों को सतर्क रहने और प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने की हिदायत दी।प्रशासन ने साफ कहा है कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए लोगों की सुरक्षा सर्वोपरि है। ऐसे में सभी नागरिकों से सहयोग करने की अपील की गई है ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। नीलकंठ ग्राम पंचायत के सरपंच संतोष वर्मा ने जानकारी दी कि नीलकंठ घाट स्थित मुक्तिधाम पूरी तरह से पानी में डूब गया है। ऐसे में अंतिम संस्कार की प्रक्रिया नीलकंठ घाट पर करना संभव नहीं है। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र के मुक्तिधामों में ही अंत्येष्टि करें। एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी ने बताया कि बरगी डैम के 17 गेट खुले हुए हैं , लगातार बारिश भी हो रही है,आम जनता स्थानीय लोगों एवं भक्तो की सुरक्षा के लिए गुरु पूर्णिमा पर नर्मदा में स्नान पर प्रतिबंध लगा गया, पुलिस , राजस्व की टीम का गठन किया गया, जो लगातार नर्मदा के घाटों पर निगरानी रख हुए हैं। थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी ने बताया कि लगातार हो रही बारिश के चलते एसपी ने सभी थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है की नदी नाले और नर्मदा घाटों पर निगरानी बनाए रखें सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना भैरूंदा अंतर्गत, कोलार नदी और नर्मदा घाटों पर पुलिस की टीम तैनात है, आमजन की सुरक्षा व्यवस्था पुलिस का कर्तव्य हैं। आम जनता से अपिल करते हुए कहा, ज्यादा पानी हो ऐसे पुल पुलिया रपटे और नाले पर ना करें।

हरिभूमि वार्ड परिक्रमा का असर: 40 साल पुराने घूड़े को नपा ने कराया साफ, अब नागरिक न फेंके कचरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नगर पालिका परिषद के तीन साल पूरे होने पर हरिभूमि द्वारा वार्डों में हुए विकास कार्य व कमियों को लेकर वार्ड स्कैन की शुरुआत की है। इसी कड़ी में वार्ड क्रमांक 22 में वार्डवासियों से चर्चा कर यहां की समस्याएं व उपलब्धियां 10 जुलाई के अंक प्रकाशित की गई है। वार्ड स्कैन में सबसे बड़ी समस्या वार्डवासियों द्वारा सीहोर-श्यामपुर रोड पर स्थित 40 साल पुराने घूड़े को बताया था। खबर प्रकाशित होने के बाद ही इस घूड़े को जेसीबी की मदद से पूरी तरह साफ कर दिया गया है। अब यहां नागरिकों की जिम्मेदारी बनती है कि वह फिर से कचरा न फेकें. वार्ड क्रमांक 22 में वार्ड स्कैन के दौरान चिकित्सक डॉ. मारुति राव सहित अनेक नागरिकों ने बताया था कि सीहोर-श्यामपुर रोड पर स्थित यह घूड़ा करीब 40 साल पुराना है। यह महत्वपूर्ण सडक़ हैं, इस सडक़ से दिन भर हजारों वाहनों का

खबर का असर

40 साल पुराना घूड़ा बना वार्ड की पहचान, पेयजल की समस्या से जूझ रहे वार्डवासी, रात 12 बजे आते हैं नल

आवागमन होता है। ऐसे में बाहरी राहगीर इस घूड़े को देखकर ही वार्ड में हुए विकास कार्यों का आंकलन कर लेते हैं। इसके अलावा भी गंदगी के ढेर की वजह से दिन भर बदबू भरा माहौल बना रहता है, लोग परेशान होते हैं। नागरिकों की इस समस्या को हरिभूमि समाचार पत्र ने 10 जुलाई के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित कर जिम्मेदारों का ध्यान आकर्षित कराया गया, जिसके बाद जिम्मेदारों द्वारा जेसीबी की मदद से इस घूड़े को पूरी तरह से साफ करवा दिया है। घूड़े की सफाई के बाद अब नागरिकों की भी यह जिम्मेदारी बनती है कि वह दोबारा इस जगह पर कचरा न फेंके।

खबर संक्षेप

शिविर में हितग्राहियों को किया लाभान्वित

सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जनजातीय आबादी के लिए समान अवसरों का सृजन, सामाजिक-आर्थिक स्तर का विकास, बुनियादी ढांचे में सुधार और स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आजीविका के क्षेत्र में ठोस प्रगति के उद्देश्य से जिले में 15 जून से 15 जुलाई तक धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत सीहोर जिले के चिन्हित 80 गांवों में अब 15 जुलाई तक दिनांकवार शिविर लगाए जा रहे हैं। अभियान के तहत ग्रामों में ग्राम सभाएं भी आयोजित की जा रही हैं। अभियान के तहत 09 जुलाई को चिन्हित गांवों में शिविर लगाकर 347 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। कलेक्टर बालागुरू के. ने इस अभियान के तहत चिन्हित किए गए सीहोर जिले के 80 गांवों के जनजातीय समुदाय के नागरिकों से अभियान के तहत दिनांकवार लगने वाले शिविरों में उपस्थित होने और योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने अपील की है कि सभी पात्र हितग्राही शिविरों में उपस्थित हों और पात्रतानुसार शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ लें, ताकि जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों का भी निरंतर विकास हो सके और कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

विचार व काव्यगोष्ठी का हुआ आयोजन

सीहोर। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर स्थानीय रैंबो प्ले स्कूल के सभागार में विचार एवं कार्य काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ गीतकार रामनारायण राठौर ने की। मुख्य अतिथि गीतकार हरिओम शर्मा दाऊ रहे। विशेष अतिथि गीतकार विनोद पंसारी एवं हीरालाल जायसवाल अनाड़ी रहे। सरस्वती वंदना गीतकार द्वारका बांसुरिया ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन अखिल भारतीय साहित्य परिषद के जिला अध्यक्ष डॉ. विजेंद्र जायसवाल ने किया। सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र ओढ़ाकर जोरावर सिंह एवं नन्नू लाल सगर ने किया। साथ ही गुरु परंपरा के अंतर्गत सम्मान किया।

गुरुपूर्णिमा पर मंदिरों व आश्रमों में रही श्रद्धालुओं की भीड़

गुरुओं के चरणों को नमन व दीक्षा ग्रहण करने आश्रम और मंदिर पहुंचे श्रद्धालु

आश्रमों पर श्रद्धालु, भक्तों का लगा ताता , पूजा अर्चना महा आरती, भंडारे हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

गुरु पूर्णिमा पर्व पूरे भैरूंदा तहसील के मंदिरों, आश्रमों पर गुश्रद्धा, विश्वास एवं आस्था के साथ मनाया गया। क्षेत्र के प्रसिद्ध आश्रमों, दादाजी धुनिवाले आश्रम छीपानेर , निंबार्क आश्रम, छिपानेर, रामानंद आश्रम बजरंग कुटी वासुदेव,सनातन सदेश विचार आश्रम साधना धाम अतरालियामंडी, संकट मोचन बजरंगकुटी हनुमान मन्दिर, भैरूंदा , हनुमान मन्दिर गुलरपुरा आश्रम, सिंगाजी मंदिर नीलकंठ , नर्मदा मंदिर नीलकंठ, सहित क्षेत्र के प्रसिद्ध आश्रमों, मंदिरों में पूजा अर्चना और गुरू दीक्षा ग्रहण करने के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालु भक्तों ने आश्रमों ,मंदिरों कर पहुंचे और गुरुओं के चरणों को नमन किया। अपने गुरुओं से दीक्षा ग्रहण की। साथ ही महाआरती पूजा-अर्चना कर प्रसादी ग्रहण की। आश्रमों ,मंदिरों पर भंडारों का आयोजन भी किया गया। इस दौरान पहुचे श्रद्धालुओ भक्तगणों ने भंडारे की प्रसादी ग्रहण की। ध्वज लेकर भक्तो ने किया परिक्रमा, फहराया ध्वज प्रसिद्ध धाम दादाजी धूनीवाले आश्रम पर लागा भक्तो का ताताप्रसिद्ध स्थल दादाजी धाम आश्रम छीपानेर पर गुरू पूर्णिमा पर्व का त्यौहार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही श्रद्धालु ,भक्तों का ताता लगाना शुरू हों गया था। गुरु पूर्णिमा पर्व पर भक्तो ने दादाजी धूनीवाले की समाधि पर शीश को नमन कर दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। सैकड़ो की सख्या में शामिल हुए श्रद्धालु भक्तगणों ने ध्वज लेकर परिक्रमा किया। ध्वज फहराया साथ दादाजी नाम भजते हुए चले। आराती के उपरांत गुरू दीक्षा ग्रहण करने के लिए भी होड़ लगी हुई थी। गुरु दीक्षा ग्रहणकर प्रसादी ग्रहण की। एक दिन पहले ही दूर दूर से भी भक्त आश्रम पर पहुंच गए थे। श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ना शुरू हों गई थीं। धाम आश्रम में भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओ ने गुरुपूर्णिमा के मौके पर विशेष हवन व महाआरती में शामिल हुए।

गुरु दीक्षा के साथ श्रीराम रक्षा संजीवनी जल का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

हर साल की तरह इस साल भी गुरु-शिष्य के पर्व गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरुवार को नगर में कई जगह गुरु पूजन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। नगर के सभी मंदिरों और आश्रमों में भक्तों का तांता लगा रहा। इस दौरान शिष्यों ने अपने गुरुओं का आशीर्वाद लेकर मंदिरों में भी पूजा-अर्चना की। गुरुपूर्णिमा पर सुबह से ही कार्यक्रम शुरू हो गए थे, जो देर शाम तक चलते रहे। कार्यक्रम के दौरान गुरुओं ने अपने कई भक्तों को दीक्षा भी दी। इस दौरान विधि विधान के साथ पूजन अर्चन कराई गई।

इस मौके पर श्री अयोध्यानाथ पीठाधीश्वर जगदगुरु यशोदानंद महाराज पंडित अजय पुरोहित ने गुरु दीक्षा के साथ श्रीराम रक्षा संजीवनी जल का वितरण किया। इस मौके पर शहर के चाणक्यपुरी स्थित उनके निजी निवास और अवधपुरी स्थित मंदिर में मेले जैसा वातावरण नजर आया। यशोदानंदन सेवा समिति के सदस्यों ने कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में भक्त शामिल हुए। इसके साथ ही गुरु दीक्षा का आयोजन भी किया गया, जिसमें दूर-दूर से श्रद्धालु गुरु दीक्षा लेने के लिए शामिल हुए। सानिध्य में गुरु पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पं. अजय पुरोहित ने अपने शिष्यों को आशीर्वाद दिया और इसके बाद प्रवचन दिए। कार्यक्रम के पश्चात भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। इस दौरान व्यास पीठ से श्री अयोध्यानाथ पीठाधीश्वर जगदगुरु यशोदानंद महाराज पंडित अजय पुरोहित ने गुरु महिमा के बारे में बताया। इसके साथ ही उन्होंने शिष्य के सामर्थ के बारे में भी बताया। उन्होंने बताया कि कई शिष्यों ने गुरुओं की कीर्ति को बढ़ा दिया। हनुमान और सूर्य के गुरु शिष्य उदाहरण के साथ ही उन्होंने शिष्यों के सामर्थ्य के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश सहित उत्तरप्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़, बिहार, महाराष्ट्र के अलावा अन्य प्रदेशों के श्रद्धालु भी पं. अजय पुरोहित आशीर्वाद और दीक्षा लेने पहुंचे।

अमरनाथ यात्रियों का जत्था हुआ रवाना

सीहोर। नगर से प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी बाबा बर्फानी अमरनाथ यात्रा के लिये युवाओं का जत्था मालवा एक्सप्रेस से रवाना हुआ। हाथों में तिरंगा और बाबा बर्फानी व भारत माता की जय घोष के साथ अमरनाथ यात्रा के लिये रवाना हुआ। हिन्दु उत्सव समिति के अध्यक्ष आशीष गुप्ता के नेतृत्व में स्थानीय सीहोर रेल्वे स्टेशन पर पुष्प वर्षा कर पुष्पमाला पहनाकर त्रिशूल पूजन कर किया। इस अवसर पर बाबा अमरनाथ के जयकारों के बीच युवाओं में जोश उत्साह देखा गया।

बस्तियों, स्कूली बच्चों को शिक्षण सामग्री देकर बांटी जन्मदिन की खुशियां

भैरूंदा। आम तौर पर हर कोई बड़े नेता या समाजिक कार्यकर्ता अपना जन्मदिन होटल या घरों पर समारोह पूर्वक मानते हैं। लेकिन भैरूंदा नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने प्रति वर्ष अपना जन्मदिन यादगार बनाते हैं। और जन्मदिन की खुशियां स्कूली छोटे-छोटे बच्चों के बीच जाकर बाटते हैं। नगर की बस्ती में सेवा भारती संस्कार केंद्र भैरूंदा कॉपी, पैन का वितरण किया। इससे पहले नपा अध्यक्ष मारूति शिशिर ने देव झिरी बाउडी खेड़ा के नयापुराकुरी स्कूल में शामिल हुए बच्चों से मिलकर उन्हें किताबें और पेन-कॉपी वितरित कीं। इसके बाद, वह देव स्थान हनुमान मंदिर पहुंचे। जहां भगवान के दर्शन किए.जन्मदिन के अवसर पर, उन्होंने पौधारोपण भी किया। जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बावड़ी खेड़ा नयापुरा शासकीय स्कूल , नगर भैरूंदा बस्ती सेवाभारती संस्कार केंद्र, पीएमश्री विद्यालय नगर भैरूंदा के बच्चों के भविष्य को लेकर उनका मार्गदर्शन किया और उनका आत्म विश्वास बढ़ाया साथ ही मोटिवेशन किया उनके भविष्य को लेकर मार्गदर्शन किया गया। नगर के कई स्थानों पर सामाजिक संस्थाएं ,व्यापारिक संस्था एवं प्रभु जिन्होंने जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी और इस अवसर पर, समाजसेवी, व्यापारीगण सहित भाजपा कार्यकर्ता की उपस्थित में उनका जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम से मनाया।

रूद्धाभिषेक, कांवड़ यात्रा, पार्थिव शिवलिंग निर्माण से शिव भक्तों को मिलेगा महापुण्यः पं. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इस वर्षं श्रावण मास शुक्रवार 11 जुलाई पूर्वांषाढ़ नक्षत्र में प्रारंभ होगा और सावन मास शुक्लपक्ष पूर्णिमा शनिवार 9 अगस्त रक्षाबंधन को पूर्णं होगा। इस वर्ष श्रावण मास पूरे 30 दिनों का रहेगा। आषाढ़ मास देवशयनी एकादशी से कार्तिकमास देवउठनी एकादशी तक भगवान शंकर सृष्टि का संचालन करेंगे। श्रावण मास भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है जिससे श्रद्धालुओं के लिए श्रावण मास में शिवशक्ति की कृपा प्राप्ति के लिए रुद्धाभिषेक, कावड़ यात्रा, पार्थिव शिवलिंग निर्माण, व्रत पूजन करना लाभ प्रद माना गया है। पंडित सुनील शर्मा ने बताया कि इस बार श्रावण मास में 4 सोमवार आ रहे है जो कि क्रमशः 14, 21, 28 जुलाई व 4 अगस्त को होंगे। इसी प्रकार 14 जुलाई को पहले सोमवार को गणेश चतुर्थी रहेगी और 21 जुलाई दूसरे सोमवार को सर्वार्थसिद्धि योग व अमृत श्रृध्दी योग रहेगा,साथ ही इसी दिन एकादशी भी रहेगी और 28 अगस्त तीसरे सोमवार को विनायकी चतुर्थी रहेगी और चौथे सोमवार 4 अगस्त को सर्वार्थसिद्धि योग रहेगा। पंडित सुनील शर्मा ने बताया की श्रद्धालुजन भगवान शिव को जल, दूध, दही, मिश्री, शहद, इत्र, बेलपत्र, केशर, भांग, भस्म, धतूरा, शमीपत्र, बिला, आदि श्रद्धाभाव से चढ़ाते है व शास्त्र अनुसार विभिन्न कामनाओ की पूर्ति के लिए विशेष द्रव्यों का प्रयोग किया जाता है। भक्तजन वर्षा के लिए जलाअभिषेक, मनोकामना प्राप्ती के लिए गाय का दूध, भवन और वाहन की प्राप्ति के लिए दही, श्रीलक्ष्मी प्राप्ति के लिए गन्ने का रस, धनसंपत्ति वृद्धि के लिए शहद व गाय का घी,मोक्ष प्राप्ति के लिए तीर्थ जल, बीमारी से मुक्ति के लिए इत्र, संतान प्राप्ति के लिए दूध व गाय का घी,आरोग्यता प्राप्ति के लिए गाय का दुग्ध व घी द्वारा अभिषेक करते है। पंडित सुनील शर्मां ने बताया की शास्त्रोनुसार श्रावण मास कृष्णपक्ष अमावस्या को हरियाली अमावस्या के रूप में मनाया जाता है। शास्त्र अनुसार भगवान शेषनाग के फन पर पूरी पृथ्वी टिकी हुई है व भगवान पूरी पृथ्वी का भार संभाले हुये है। भगवान शंकर शेषनाग को आभूषण की भाती अपने गले में धारण करते है तथा 9 अगस्त शनिवार को श्रवण नक्षत्र में रक्षाबंधन पर्व मनाया जायेगा,इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग भी रहेगा।

माता के दरबार में हुए भंडारे में शामिल हुए कैबिनेट मंत्री बाबूलाल बंजारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी लुनिया मोहल्ला स्थित माता रानी के दरबार में भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे बाबूलाल बंजारा मध्य प्रदेश शासन कैबिनेट मंत्री ने माता रानी के दरबार में मथ्था टेक कर आशीर्वाद लिया एवं जनमानस के लिये सुख समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर उपस्थित हरीश कौशल भारतीय बेलदार जन जागरण नुनिया महासभा के प्रदेश अध्यक्ष, महान कौशल प्रदेश मीडिया प्रभारी, भारतीय बेलदार जन जागरण नुनिया महासभा प्रदेश मीडिया प्रभारी मोहन मालवीय, सेवा यादव, नितिन कौशल जिला अध्यक्ष इंदौर, नितेश चौहान जिला महामंत्री धार, विनोद कौशल, अजय कौशल, वरिष्ठ समाजसेवी ललित पांडे, उपस्थित रहे। भण्डारे में माता बहने उपस्थित रही। कार्यक्रम संचालक प्रमोद कौशल जिला अध्यक्ष सीहोर, भारतीय बेलदार जन जागरण नुनिया महासभा, शरण वाल्मीकि भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति जिला उपाध्यक्ष, राजेश अहिरवार अनुसूचित जाति परिषद नगर अध्यक्ष सीहोर आदि ने मंत्री बाबुलाल बंजारा का पुष्पहारों से स्वागत किया।

कराते चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया मंडी स्थित एक नीजी स्कूल में किया गया। यह प्रतियोगिता ड्रैगन कराटे अकादमी व कराटे स्पोर्ट्स डेवलपमेंट वेलफेयर एसोसिएशन सीहोर के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुई। आयोजन का संचालन सीहोर कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल मालवीय, सचिव पूजा मालवीय के नेतृत्व में किया गया।

कार्यक्रम का संपूर्ण मार्गदर्शन कराटे के प्रथम विश्वामित्र अवार्डी, एमेच्योर कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष शिहान जयदेव शर्मा एवं कराते डेवलपमेंट वेलफेयर सोसाइटी भोपाल के सेंसई बृजगोपाल सिंह ने किया। प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए भोपाल से कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया से क्वालिफाइड हुए रेफरी व जज यक्ष राठौर, सूरज, लखनलाल गायकवाड़ एवं मिहिर मौर्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, विधायक सुदेश राय, अरुणा राय मंच पर उपस्थित रहे तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में कुल 120 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जो विभिन्न आयु एवं वजन वर्गों में विभाजित थे। स्पर्धाओं में काता एवं कुमीते दोनों प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी आगामी 1 से 3 अगस्त 2025 तक शाजापुर में होने वाली एमेच्योर स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन राज्य कराटे चैंपियनशिप में भाग लेंगे।

प्रतिभागी विद्यालय एवं अकादमियां नूतन हायर सेकेंडरी स्कूल, शारदा विद्या मंदिर, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, लूर्द माता हायर सेकेंडरी स्कूल, सेंट मेरी रेजिडेंशियल हायर सेकेंडरी स्कूल, आईईएस ड्रैगन कराटे अकादमी सीहोर आदि शामिल हैं। कार्यक्रम का संचालन राघवेंद्र गुप्ता, पलक तिवारी, आयुष नगिना व महिमा शर्मा ने कुशलतापूर्वक किया, जिनके प्रयासों की सभी ने सराहना की। यह आयोजन जिले के उभरते खिलाडियों के लिए एक सशक्त मंच साबित हुआ, जिसने कराटे को खेल के रूप में नई पहचान दी।

जिपं सीईओ ने ग्राम सेमली खुर्द में संचालित एसएचजी की गतिविधियों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने जिले के ग्राम सेमली खुर्द में स्व सहायता समूह की दीदियों द्वारा संचालित आजीविका गतिविधियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्व सहायता समूह की दीदियों द्वारा संचालित मल्टी टियर खेती मॉडल का अवलोकन किया। इस मॉडल के तहत दीदियों द्वारा सेब, अमरूद सहित विभिन्न प्रकार के फल एवं सब्जियों का उत्पादन किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने स्व सहायता समूह की दीदियों से चर्चा की और दीदियों द्वारा आजीविका और आत्मनिर्भरता की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन को जानकारी दी गई यह गतिविधियां एचडीएफसी बैंक परिवर्तन एवं अर्पण सेवा संस्थान द्वारा स्व सहायता समूह की ग्रामीण महिलाओं को आजीविका से जोड़ने और सशक्त बनाने के लिए संचालित की जा रही है। इसके साथ ही पूरा गांव स्व सहायता समूह से सैचुरेट हो चुका है और इस गांव की महिलाएं कृषि एवं पोषण सुरक्षा को बढ़ावा दे रही हैं। निरीक्षण के दौरान एनआरएलएम के डीपीएम दिनेश बर्फा, एपीओ गुलाब सिंह अहिरवार सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं स्व सहायता समूह की दीदियां उपस्थित थीं।

जनपद शिक्षा केन्द्र में निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित

बच्चों को मिली साइकिल तो खिले चेहरे, स्कूल का सफर होगा आसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

जनपद शिक्षा केन्द्र प्रांगण में गुरुवार को निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथियों द्वारा लाभान्वित बच्चों को हार पहनाकर साइकिल भेंट की गई। साइकिल मिलने से बच्चों को स्कूल का आवागमन आसान हो जाएगा। निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम में जिला भाजपा उपाध्यक्ष कैलाश सुराना मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस दौरान अतिथि द्वारा कक्षा 6 के 16 बच्चों को साइकिल भेंट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री सुराना ने कहा है दूर दराज गांवों से स्कूल आने वाले छात्र-छात्राओं को शासन द्वारा निशुल्क साइकिल वितरित की जाती है। ताकि छात्र छात्राओं की स्कूल की डगर आसान और सुलभ हो सकें। साइकिल पाकर छात्र - छात्राओं में उत्साह का माहौल दिखाई दे रहा था। कार्यक्रम में बच्चों के अभिभावकों के साथ ही बीएससी शैलेंद्र सिंह ठाकुर, महेंद्र सिंह सिसोदिया, सुधा केलोदिया, अतुल केलोदिया, जन शिक्षक दशरथ सिंह, शिक्षिका सीमा मालवीय, रेखा शर्मा, शिक्षक प्रेम नारायण, प्रेम नारायण राठौर, शिला शर्मा आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने एक पेड़ मां के नाम पर परिसर में पौधें रोपें साथ ही उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

गुरु पूर्णिमा पर्व पर बैकुंठधाम दरबार में गुरू का आशीर्वाद लेने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

क्षेत्र में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान लोगों ने अपने गुरू की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरु पूर्णिमा पर लसूड़िया राम स्थित बैकुंठ धाम आश्रम के संत बनवारी लाल के दर्शन करने ओर उनका आशीर्वाद प्राप्त करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचे। राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा ने भी आश्रम पहुंचकर संत का सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान आश्रम में धार्मिक आयोजन के साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

एक डॉक्टर व एक स्टाफ नर्स के भरोसे चल रहा था शिविर, परेशान हुईं प्रसूताएं

प्रसूताओं के शिविर में अव्यवस्थों पर सीएमएचओ ने जताई नाराजगी

सीएमएचओ ने सिविल सर्जन, आरएमओ को बुलाकर दिए तल्ख निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस अभियान के तहत बुधवार को जिला अस्पताल में हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया था। लेकिन उचित प्रबंधन के अभाव में शिविर में पहुंची अनेकों गर्भवति महिलाओं को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। महज एक डॉक्टर और स्टाफ नर्स के भरोसे पर यह शिविर चल रहा था जिसके चलते वहां की व्यवस्थाएं बिगड़ गईं।

इस बात की सूचना सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल को मिलने वे तुरंत प्रसूती विंग पहुंचीं और शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में ग्रामीण क्षेत्र से आई महिलाओं ने उचित व्यवस्थाओं न होने संबंधी शिकायतें सीएमएचओ से की। इस पर सीएमएचओ ने सिविल सर्जन डॉ. नितिन पटेल एवं आरएमओ डॉ. अमित कोली को स्टाफ बढ़ाने के निर्देश दिए, साथ ही कहा कि भविष्य में इस तरह की लापरवाहियां नजर नहीं आनी चाहिए।

बैठने के लिए भी नहीं थी उचित व्यवस्थाएं

हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं के लिए आयोजित इस शिविर को महज औपचारिकता के रूप में लगता नजर आ रहा था। गर्भवती महिलाओं के बैठने तक के लिए जिम्मेदारों ने उचित व्यवस्थाएं नहीं की थीं। इस पर सीएमएचओ डॉ. पटेल ने प्रसूताओं के लिए उचित व्यवस्था करने, पेयजल हेतु स्वच्छ पानी की व्यवस्था, हवा के लिए कूलर, पंखों की व्यवस्था सहित पौष्टिक स्वल्पाहार देने के निर्देश दिए।

सभी को शेयर किया अपना मोबाइल नंबर

इस शिविर में आशा कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों से गर्भवती महिलाओं को लेकर आई थीं। शिविर में उचित व्यवस्थाएं न देख आशाओं को भी बदइंतेजामी को लेकर चर्चा करते देखा गया। सीएमएचओ डॉ. पटेल ने सभी आशाओं सहित अन्य को अपना मोबाइल नंबर शेयर किया कि भविष्य में कहीं किसी तरह की कमी या परेशानी होने पर उन्होंने कॉल लगाया जा सकता है। इस अवसर पर जिला महामारी नियंत्रक डॉ. महेंद्र पाल सिंह, जिला मूल्यांकन अधिकारी आनंद भारद्वाज सहित अन्य उपस्थित थे।

खिलचीपुर और जीरापुर के शिविर का भी किया निरीक्षण

सीएमएचओ डॉ पटेल द्वारा जीरापुर क्षेत्र में पहुंचकर वहां आयोजित शिविर का भी निरीक्षण किया। यहां शिविर व्यवस्थित आयोजित किया जा रहा था। 36 गर्भवती में से 13 गर्भवती हाईरिस्क चिन्हित कि गई। साथ ही सीएमएचओ द्वारा ब्रहामण गांव में आयोजित होने वाले ब्लड डोनेशन कैंप की तैयारी हेतु भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं, खिलचीपुर में आयोजित शिविर के दौरान संतुष्टि पूर्ण व्यवस्थाएं नजर आईं। उन्होंने खिलचीपुर ब्लॉक के ग्राम हरिपुरा में उल्टी, दस्त के मरीजों की जानकारी लेकर बीएमओ को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया।

75 करोड़ से अधिक का कारोबार हुआ प्रभावित

हड़ताल: जिले की विभिन्न बैंकों की 150 शाखाओं में लटके रहे ताले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

बैंकिंग क्षेत्र के विभिन्न संगठनों के आह्वान पर बुधवार को राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल के तहत जिले की भी सभी बैंकों में बुधवार को पूरे दिन ताले लटके रहे। बैंक ऑफ इंडिया और एसबीआई सहित सभी शासकीय, निजी एवं सहकारी बैंकों की जिले में 150 से अधिक ब्रांचों में हड़ताल होने से सैकड़ों ग्राहकों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

दरअसल, आम नागरिकों को बैंकों की इस हड़ताल के संबंध में पूर्व से अधिक जानकारी नहीं थी। ऐसे में बैंकों से जुड़े अपने विभिन्न कामों, लेन-देन इत्यादि के लिए जब उपभोक्ता वहां पहुंचे तो ब्रांचों में ताले लटके देख खासे परेशान हुए। सभी बैंकों की इस हड़ताल से पूरे जिले में करीब 75 करोड़ का कारोबार प्रभावित हुआ है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार की जन एवं श्रम विरोधी नीतियों के खिलाफ 17 सूत्रीय मांगों को लेकर बैकिंग क्षेत्र के दस केंद्रीय श्रमिक संगठनों एवं स्वतंत्र टेड यूनियनों के आव्हान पर यह हड़ताल रखी गई थी।

यह थी संगठनों की मांगें

इस एक दिवसीय हड़ताल के जरिए संगठनों ने चारों श्रम संहिताओं, लेबर कोड्स को खत्म करने, ठेका कर्मचारियों के लिए समान कार्य पर समान वेतन, पुरानी पेंशन योजना बहाल करते हुए एनपीएस एवं यूपीएस खत्म करने, आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि से 45 दिनों के अंदर टेड यूनियनों का पंजीकरण अनिवार्य करने, बिजली संशोधन विधेयक 2022 वापस लेने सहित अन्य 17 सूत्रीय मांगें शामिल थीं।

तेज रफ्तार अल्टो कार ने बाइक को मारी टक्कर, बाइक सवार को लगी चोंट

जीरापुर। नगर के समीपवर्ती ग्राम पीपल्दा में तेज रफ्तार अल्टो कार ने बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार युवक को चोटे आई हैं। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दरज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मोतीपुरा निवासी विनोद पिता घनश्याम विश्वकर्मा उम्र 27 साल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि प्रतिदिन की तरह कारीगरी का कार्य करने के लिए बुधवार की सुबह अपनी डीलक्स मोटरसाइकिल से जीरापुर जगदीश ठेकेदार के यहां आ रहा था। इस दौरान गुड्डू पिता कन्हैयालाल विश्वकर्मा की कार जो तेज गति व लापरवाहिक पूर्वक से बाइक के पीछे से टक्कर मार दी। फरियादि की रिपोर्ट पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 125 ए, 281 के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया। दुर्घटना में बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई।

15-20 आदमियों ने गैंग बनाकर सटर के ताले काटकर डकैती डालने का किया प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुठालिया

नगर के सराफा व्यवसाई के यहां मंगलवार रात्रि को 15-20 आदमियों ने गैंग बनाकर सटर के ताले काटकर डकैती डालने का प्रयास किया। नगर में बढ़ रही इन वारदातों से नागरिकों में भय व्याप्त है। व्यापारी ने इस घटना की शिकायत सुठालिया पुलिस से करते हुए अपराधियों को अबिलंब पकड़ने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार गढी मोहल्ला स्थित वार्ड क्रमांक 9 के सर्राफा व्यवसाई करण पिता प्रकाश सोनी ने थाने में शिकायत करते हुए बताया कि मंगलवार रात्रि को लगभग 3 बजे 15 से 20 अज्ञात लोगों ने गैंग बनाकर मेरे मकान में जिसमें में नीचे मेरी ज्वैलरी की दुकान भी है जिसकी शटर के ताले को हथियारों से काटकर शटर तोड़ने का प्रयास किया। वारदात के समय मोहल्ले में कुत्ते भोंकने की आवाज से आसपास मकानों में लोग जाग गए और उन्होंने मुझे फोन करके जानकारी दी कि मेरे घर की शटर कुछ लोग तोड़ रहे हैं। मैं जब नीचे उतरकर अपनी शटर खोलने लगा तो मुझे उसका ताला चटका हुआ मिला। इतने समय में सभी अपराधी वहां से रफुचक्कर हो चुके। मेरी दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी अपराधियों ने नुकसान पहुंचाया जिससे यह वारदात केमरो में केद नहीं हो सकी। समीप ही एक अन्य व्यापारी के केमरा में अपराधियों की आवाजाही देखी गई। करण सोनी ने पुलिस को बताया कि मेरे घर एवं दुकान में लाखों रूपए के सोने चांदी के जेबरात व कीमति सामान रखा हुआ है। इस वारदात के कारण मुझे अपनी व अपने परिवार की जान माल का खतरा बना हुआ है वैसे तो मोहल्ले में लोगो के जागने के कारण इन अपराधियों का प्रयास असफल हो गया हो सकता है अपराधी पुनः ऐसी वारदातें कर सकते हैं। इसलिए पुलिस को मुस्तैदी से अपराधियों को जल्दी से जल्दी पकड़कर इस वारदात का खुलासा करना चाहिए। सोनी ने बताया कि मोहल्ले में कुछ समय से चोरी की घटनाएं बढ़ रही है। गत दिनों एक मोटर साइकिल रजिस्टर्ड क्र. एमपी 39 एमपी 4185 की चोरी हो गई जिसका कुछ पता नहीं चला।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से हुई सौजन्य भेंट

नरसिंहगढ़ आगमन व विकास योजनाओं को लेकर चर्चा

कुरावर। बुधवार को दोपहर में मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सौजन्य भेंट कर आगामी नरसिंहगढ़ आगमन को लेकर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्तमान में वर्षा की संभावनाओं के कारण प्रस्तावित कार्यक्रम को स्थगित किया गया है, परंतु उन्होंने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही नरसिंहगढ़ के दौरे पर अवश्य आएंगे। इस अवसर पर पार्वती रेसई बांध परियोजना को लेकर एक महत्वपूर्ण मांगपत्र मुख्यमंत्री को सौंपा गया, जिसमें मानपुर से लेकर इकलेरा व बोड़ा तक के लगभग 50 से 60 गांवों को इस परियोजना में सम्मिलित करने का आग्रह किया गया। मुख्यमंत्री ने इस पर सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। साथ ही, बरखेड़ीगड़ी ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले आश्रित गांवों की पात्र बहनों को लाडली बहना योजना में सम्मिलित कर उन्हें इस योजना का लाभ देने के लिए भी आग्रह किया गया और इस विषय में भी एक ज्ञापन पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी विषयों पर गंभीरता से विचार करने और जनहित में आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

नपाध्यक्ष के वार्ड की सड़क भी अटकी, पूर्व सीएमओ के कार्यकाल से चल रही थी प्रक्रिया

नपा के 5 करोड़ के टेंडर निरस्त, सबसे ज्यादा वार्ड 2 और 15 में नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सारंगपुर नगर पालिका अंतर्गत 7 वार्डों में होने जा रहे 5 करोड़ के सीसी सड़क और मंदिरों में पेवर्स ब्लॉक सहित सामुदायिक भवन निर्माण कार्य को ग्रहण लग गया है। राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने बीते 27 फरवरी को इनका भूमिपूजन किया था। टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद सीएमओ बदल गए। जन चर्चा यह है कि कमीशन की राजनीति के चलते यह टेंडर निरस्त कर दिए गए हैं। रुके हुए कार्यों में सबसे ज्यादा नुकसान वार्ड 2 के रहवासियों को हुआ है यहां दर्जन भर से ज्यादा सीसी सड़कें अब निर्माण से वंचित हो गयी है। वहीं नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल के वार्ड 4 में भी टेंडर निरस्त हुए हैं। बुधवार को टेंडर निरस्त होने का मामला सामने आने के बाद आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है।

दरअसल नई नपाधिकारी ज्योति सुनहरे ने 19 जून को ज्वाइन किया था। इसके पांच दिन बाद 24 जून को टेंडर निरस्त कर दिए गए। इसी बीच डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणित करवाने के लिए नपाधिकारी न तो नपाध्यक्ष से मिली और न ही चर्चा की ऐसे में संभागीय कार्यालय से एक तरफा आदेश होने से नाराज नपाध्यक्ष ने बेंको से राशि आहरण के लिए डिजिटल हस्ताक्षर अमान्य कर दिए जिससे तकरार बढ़ गई है। मामले में नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल का कहना है कि मेडम ने 19 जून को ज्वाइन किया था उसके पांच दिन बाद ही टेंडर निरस्त कर दिए गए। वहीं नपाधिकारी ज्योति सुनहरे का कहना है कि पूर्व में पदस्थ सीएमओ दीपक के हस्ताक्षर से टेंडर निरस्त हुए हैं मैंने नहीं किए है। लेकिन पूर्व सीएमओ के रिलीव होने के पांच दिन बाद निरस्ती करण की प्रक्रिया सवाल खड़े कर रही है। वहीं उपाध्यक्ष भावना निलेश पालीवाल ने बताया मुझे तो मीडिया से ही ऐसी जानकारी मिली है। कमीशन खोरी के चलते हुआ या अन्य कोई कारण है हमें जानकारी ही नहीं है। शहर के विकास के 21 टेंडर हुए हैं निरस्त।



राज्य शिक्षक संघ ने सीएम के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

ई-अटेंडेंस सिर्फ शिक्षकों पर नहीं बल्कि हर विभाग पर हो लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्कूल शिक्षा विभाग ने 1 जुलाई से जिले के समस्त स्कूलों में हमारे शिक्षक एप के जरिए शिक्षकों हेतु ई-अटेन्डेंस व्यवस्था शुरू की है। इसके तहत हर शिक्षक को इस एप पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवानी है अन्यथा की स्थिति में संबंधित शिक्षकों को उनके वेतन का भुगतान नहीं किया जाएगा।

विभाग की इस व्यवस्था के विरोध में राज्य शिक्षक संघ के बैनर तले मंगलवार दोपहर जिले भर के अनेकों शिक्षक मुख्यालय पर एकत्रित हुए। सभी ने यहां मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन एसडीएम रत्नेश श्रीवास्तव को सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि ई-अटेन्डेंस की उक्त व्यवस्था सिर्फ शिक्षकों पर लागू करने से समाज में ऐसा संदेश जा रहा है कि शिक्षकगण अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाह हैं और इसीलिए यह व्यवस्था सिर्फ शिक्षा विभाग में अनिवार्य की गई है। मात्र शिक्षकों के लिए शासन का यह कदम गुरू पद की गरिमा को न केवल क्षति पहुंचा रहा है बल्कि सभी शिक्षकों का अंतर्मन भी आहत है। ऐसे में समूचा शिक्षक समुदाय शासन से मांग करता है कि ई-अटेन्डेंस व्यवस्था शासन के समस्त विभागों पर लागू की जाए एवं तब तक के लिए यह व्यवस्था स्थगित रखी जानी चाहिए।

बोलीं-छोटी कमियों को दूर करने के लिए हैं निर्देश

लखनवास स्वास्थ्य केंद्र निर्माण में कमियों पर विभागीय इंजीनियर ने लगाया विराम

ग्रामीणों के आरोप कि ड्राइंग के मानकों के हिसाब ने नहीं हो रहा है निर्माण

ब्यावरा। लखनवास में निर्माणाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की बिल्डिंग पर ग्रामीणों द्वारा गुणवत्ताहीन निर्माण को लेकर लगातार आरोप लग रहे हैं। यदि वहां पर काम कर रहे मिस्त्री की बात को सही माने तो उसका कहना है कि बिल्डिंग के पुटिंग जाल, कॉलम में लगी रिंग और ईंट को लेकर काम ड्राइंग के मानकों के हिसाब ने नहीं हो रहा है। बताया गया कि पुटिंग जाल में आधे से कम सरिया लगाया गया है और कॉलम में रिंग 4 व 6 इंच पर होना चाहिए तो वह 8 से 9 इंच की दूरी पर लगाए गए है। वहीं पिलिंथ के वीम में लगाया गया सरिया भी 16 की जगह 12 एमएम का उपयोग किया गया है, साथ ही ईंट की क्वालिटी को लेकर भी सवालिया निशान उठ रहे है इसकी सही जांच होनी चाहिए। इस सभी आरोपों को विभागीय इंजीनियर दिलकश खान ने विराम लगाते हुए कहा कि जिस तरह से बार बार घटिया निर्माण की बात की जा रही है वो सही नहीं है मैंने चेक किया है कुछ कमियां थी जो ठेकेदार को बता दी गई है और हर 15 दिन में सतत निगरानी भी रखी जा रही है।

सचिव व रोजगार सहायकों की बैठक के दौरान दिए गए निर्देश

बाल-विवाह रोकने के लिए पंचायत क्षेत्रों में संधारित किए जाएं विवाह पंजीयन रजिस्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जनपद पंचायत राजगढ़ में बुधवार को बाल-विवाह रोकथाम एवं विवाह पंजीयन की अनिवार्यता को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद सीईओ आशीष जोशी की उपस्थिति में समस्त पंचायत सचिवों और रोजगार सहायकों ने सहभागिता की।

बैठक में चर्चा के दौरान बताया कि पंचायत स्तर पर बाल-विवाह पर निगरानी बढ़ाना और विवाह पंजीयन रजिस्टर के प्रभावी संचालन को सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की टीम ने भी सहभागिता की और बाल-विवाह एवं बाल सगाई जैसे गंभीर विषयों पर प्रस्तुति दी। सोसायटी की रजनी प्रजापति ने बताया कि हर पंचायत में विवाह पंजीयन रजिस्टर का होना न केवल कानूनी रूप से आवश्यक है, बल्कि यह बाल-विवाह की रोकथाम के लिए एक सशक्त माध्यम भी है। उन्होंने बताया कि सोसायटी द्वारा चयनित ग्रामों में भी ऐसे रजिस्टर तैयार किए जा रहे हैं ताकि प्रत्येक विवाह की सूचना समय पर दर्ज हो सके।

पंचायतों में विवाह पंजीयन रजिस्टर करें संधारित

बैठक में जपं सीईओ जोशी ने सभी सचिवों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने पंचायत क्षेत्रों में विवाह रजिस्टर अनिवार्य रूप से तैयार करें और उसका नियमित संधारण करें। उन्होंने कहा कियह रजिस्टर केवल रिकॉर्ड नहीं, बल्कि समाज में बदलाव लाने का एक दस्तावेज बन सकता है। इससे बाल-विवाह जैसे मामलों में समय रहते रोक लगाई जा सकती है।

महिलाओं ने विधायक को जल भराव की स्थिति से कराया अवगत

कुरावर। नगर में बीते मंगलवार को नगर परिषद द्वारा एक पेड़ मां के अभियान अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पौधारोपण करने आए विधायक मोहन शर्मा जब कार्यक्रम से लौट रहे थे तभी रास्ते में वार्ड 6 की गृहणी महिला नीलू अग्रवाल, रमा चंद्रवंशी, पिंकी शर्मा, ललता राठौर एवं सरोज कुशवाहा ने विधायक को रास्ते में रोककर उनके घर के आगे बारिश के पानी से मचे कीचड़ से अवगत कराया। तो इस समय विधायक मोहन शर्मा ने वहीं पर मौजूद मुख्य नगर पालिका अधिकारी लीलाधर सेन को हुक्क्त मार्ग को ठीक करने की बात कही तो मंगलवार शाम को विधायक के निर्देश पर मार्ग का समतलीकरण किया गया जिस वार्ड वासियों को आवागमन की सुविधा भी हुई मार्ग को ठीक करने में कई माह से परेशानी आ रही थी।

आबकारी विभाग की कार्रवाई 62 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल गुना के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान एवं संदीप शर्मा उपायुक्त संभाग ग्वालियर के निर्देशन में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रह, परिवहन एवं जहरीली शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है । जिला आबकारी अधिकारी सीमा सक्सेना के मार्गदर्शन में 09/07/2025 को आबकारी वृत्त गुना 1 के प्रभारी राधाकिशन अटारिया द्वारा पटेलनगर तालाब के पास व्यक्ति खलनायक पुत्र बादल पारदी एवं श्रीबाई पत्नी कुकी पारदी के कब्जे से 01 झोला,01 बोरी एवं 01 प्लास्टिक की केन मे 62 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गयी जो की पन्नी पाउच मे भरी हुई थी 1 अतः आरोपियों के विरूद्ध म. प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)A व 34(2)के तहत कुल 02 प्रकरण पंजीबद्ध किये गए 1 उक्त मदिरा का अनुमानित मूल्य रूपये 12800/- है 1 उक्त कार्यवाही में आबकारी प्रधान आरक्षक रामहेत सिंह कुशवाह, आरक्षक अरुण कुमार शर्मा आरक्षक राजेन्द्र कुमार पांडेय, महिला आरक्षक भावना दूबे एवं पूजा रघुवंशी की भूमिका सराहनीय रही । आबकारी विभाग लगातार अपनी कार्यवाही में सजगता दिखा रहा है ।

खबर संक्षेप

टेबल टेनिस कॉम्पिटिशन का हुआ शुभारंभ

सीहोर। पिछले 2 वर्ष की सफलता के बाद इस वर्ष भी आईईएस पब्लिक स्कूल में 4 दिवसीय मेगा सीबीएसई क्लस्टर स्टेट लेवल टेबल टेनिस बॉय्ज़ एवं गर्ल्स कम्पटीशन 2025 का भव्य शुभारंभ आईईएस पब्लिक स्कूल के टेबल टेनिस कोर्ट में किया जा रहा है। टूर्नामेंट का शुभारंभ प्रिंस राठौर नगर पालिका अध्यक्ष मुख्य अतिथि एवं देवंश सिंह, सीईओ, आईईएस यूनिवर्सिटी द्वारा किया गया। उन्होने सीबीएसई एवं आईईएस पब्लिक स्कूल के ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता का आरंभ किया एवं सभी प्रतिभागियो एवं उनके कोच को मैच के लिए शुभकामनाए दी। सीबीएसई क्लस्टर टेबल टेनिस टूर्नामेंट मे 14, 17 एवं 19 वर्ष के एज ग्रुप के बॉय्ज़ एवं गर्ल्स के बीच मु$काबले खेले जाएगे। जिसमे मध्य प्रदेश के सभी सीबीएसई स्कूल में से 500 से आधिक प्रतिभागीयो ने हिस्सा लिया एवं अपने जौहर दिखाए। आईईएस पब्लिक स्कूल मेगा सीबीएसई क्लस्टर टेबल टैनिस बॉय्ज़ एवं गर्ल्स कम्पटीशन में सर्वप्रथम बॉय्ज़ वर्ग के मुकाबले खेले गए जिनमे अंडर 17 से बॉय्ज़ वर्ग डीपीएस निपनिया बनाम शिशुकुंज विजेता डीपीएस निपनिया एसपीएस भोपाल बनाम किड्स वर्ल्ड में एसपीएस विजेता, सिक्का 54 बनाम ओरिएंटल भोपाल में सिक्का 54 विजेता एनडीपीएस इंदौर बनाम डीपीएस भभुआ में एनडीपीएस विजेता, डीपीएस भोपाल बनाम एलएनसीटी भोपाल में डीपीएस भोपाल की टीम विजेता कर अगले दौर में प्रवेश किया।

गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर जगह-जगह हुए कार्यक्रमों में की गुरु वंदना

इस अमूल्य जीवन को सदगुरु की शरण में लाकर हम देह को देव बनाने का उपक्रम करें: वैभव भटेले

प्रभु प्रेमी संघ ने मनाया भव्य गुरु पूर्णिमा महोत्सव, गुरुपूर्णिमा उत्सव का आयोजन शासकीय महाविद्यालय कैलारस में हुआ कार्यक्रम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अपवित्र आत्मा कभी सदगुरु की पहचान नही कर सकती, सदगुरु भगवान के प्रतिनिधि है। गुरु सबको अनुशासन सिखाते हैं। गुरु पूर्णिमा भगवान के कला अवतार महर्षि वेदव्यास का प्राकट्य दिवस है। परमात्मा के प्रति निश्छल विश्वास ही आपके हृदय में बसा परमात्मा है श्रद्धा ही पार्वती का रूप है ।संसार के सत्य को समझना ही बोधि सम्पत्ति है। जन्म और मृत्यु के पूर्व हम अव्यक्त हैं । जीवन ही व्यक्त है तभी हम व्यक्ति कहलाते हैं। व्यक्ति को यह देह जन्म जन्मांतर के पुण्य कर्म से प्राप्त होती है। इस अमूल्य जीवन को सद्गुरु की शरण में ला कर हम देह को देव बनाने का उपक्रम करें। गुरु होंगे तभी हम जागृत होंगे। तुलसी दास जी कहते हैं पावन अंतर्दृष्टि होने पर ही हम गुरु चरण पखारने का सौभाग्य प्राप्त करते है गुरु कृपा होती है तो आत्मा पवित्र होने लगती है। गुरु का महात्म्य इतना ही है कि जो हमारे विकारों के संहारक हैं वही सद्गुरु हैं।जीवन को सामर्थ्यवान बनाना है तो गुरु के विचारों को आत्मसात करना होगा। प्रभु को ध्रुव संकल्प से ही पाया जा सकता है हम अपने जीवन का उद्धार करें और राष्ट्र सेवा के लिए जीवन को समर्पित करके सदगुरु देव स्वामी अवधेशानन्द गिरी जी महाराज के सानिध्य में हमारे देश को विश्व गुरु बनाने का संकल्प लें। यह आध्यात्मिक प्रवचन आचार्य महामंडलेश्वर जूना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरि महाराज के शिष्य प्रखर प्रवचनकर्ता और भागवत मर्मज्ञ वैभव भटेले ने मानस भवन में प्रभु प्रेमी संघ द्वारा आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव में व्यक्त किये । स्वामी की कृपा भी इसीलिए आस्था की इस नगरी में बरसती है । प्रवचन के पूर्व विशाल संख्यां में जुटे भक्तों के बीच शास्त्रीय भजन गायक राम श्रीवादी की स्वरचित रचना ..गुरु वंदना सब मिल कर गाओ... की सस्वर प्रस्तुति अजय पाटीदार, नेवल सैमुअल, वंशिका गोस्वामी तथा ऋषिका तंबोली ने करके उपस्थित जन को मोह लिया। उत्सव साहू , सुमित चौरसिया, जीवन मालवांचल, अजय सोलंकी, डॉ राजेंद्र मालवीय ने सत्संग सुलभ भजन और गुरु महात्म्य के कीर्तन प्रस्तुत किये। भजन गायक राम श्रीवादी के भक्ति और अध्यात्म से परिपूर्ण स्वरचित भजनों पर श्रोतागण श्रद्धा से झुमते रहे। तबला वादक शिव श्रीवादी, की पैड पर अजय पाटीदार तथा ढोलक वादक धर्मेंद्र वर्मा ने भी अपनी कला से भक्तों का दिल जीत लिया। अत्यंत ही अनुशासित और भक्तिमय आयोजन में पूज्य स्वामी जी के भक्तों ने कतारबद्ध होकर गुरु पादुका पूजन किया। पूजन एवम प्रवचन के बाद मंगलदीप से सभी भक्तों ने गुरु महाराज की आरती की। अंत में सभी भक्तजन में फलाहारी स्वल्पाहार का प्रसाद स्वरूप वितरण किया गया कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रभु प्रेमी संघ के अध्यक्ष सुरेश पालीवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। प्रभु प्रेमी संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने अतिथि वक्ता वैभव भटेले तथा संगीत गुरु राम श्रीवादी का बहुमान किया। नगर के धर्माधिकारी गजेन्द्र शर्मा ने उपस्थित जन से विधि विधान पूर्वक पूजन करवाई। कार्यक्रम का संचालन गोविंद शर्मा ने तथा आभार मोहनसिंह अजनोदिया ने व्यक्त किया।

भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ ने मनाया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

शहीद भगतसिंह शासकीय महाविद्यालय में गुरुवार को उच्चशिक्षा विभाग के आदेशानुसार भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा गुरुपूर्णिमा उत्सव का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों और अन्य स्टाफ सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और गुरु-शिष्य परंपरा का सम्मान करते हुए अपने गुरुओं के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। कार्यक्रम का फॉर्म मां सरस्वती की पूजा के साथ हुआ प्रभारी प्राचार्य धर्मेंद्र सूर्यवंशी ने स्वागत भाषण देते हुए गुरु महिमा पर प्रकाश डाला और गुरु पूर्णिमा पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम के अतिथि शासकीय उत्कृष्ट बालक विद्यालय के पूर्व प्राचार्य गणेश कुमार माथुर व शास्त्री विद्या मंदिर के प्राचार्य प्रेमनारायण शर्मा थे। जी के माथुर ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने उन्होंने माता-पिता को प्रथम गुरु बताया और उनकी सेवा करने की प्रेरणा दी सभी विद्यार्थियों को अपने गुरुओं का सम्मान करने और उनसे प्राप्त ज्ञान का सही उपयोग करने के लिए मार्गदर्शित किया। अतिथि द्वेय प्रेमनारायण शर्मा ने कहा कि प्रकृति वह देश की सेवा करने वाले सैनिक भी हमारे गुरु के समान है हमें उनका सम्मान करना चाहिए यह उत्सव हमें हमारी परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहर की याद दिलाता है। गुरु के प्रति सम्मान और श्रद्धा हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा होना चाहिए। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. दीपेश पाठक ने इस उत्सव की पूरी रूपरेखा तैयार की और इसके सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।" गुरुपूर्णिमा उत्सव के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इस अवसर पर राज्य स्तरीय सीधे प्रसारण को भी सभी स्टॉफ सदस्य व विद्यार्थियों ने देखा। कार्यक्रम में छात्रों ने अपने गुरुओं को पुष्प अर्पित कर और उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। समापन समारोह में, डॉ रचना श्रीवास्तव ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित कर भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों को सफल बनाने की उम्मीद जताई। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर दीपेश पाठक ने किया।

मॉडर्न पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में छात्र का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर की अशासकीय संस्था मॉडर्न पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल आष्टा द्वारा नीट परीक्षा पास करने पर छात्र आदित्य जैन का स्वागत कर दी बधाई। मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि सत्र 2022-23 में मॉडर्न पब्लिक स्कूल के छात्र आदित्य जैन ने एमपी बोर्ड की कक्षा 12वीं में 91% अंक प्राप्त कर संस्था में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी के साथ होनहार छात्र ने विगत दिवस नीट परीक्षा पास कर एक बार फिर संस्था का नाम गोरांवित किया है। इनकी इस सफलता पर विद्यालय परिवार की ओर से आज संस्था के छात्र का स्वागत कर बधाई दी। इसी के साथ शाला परिवार के मार्गदर्शक शंकर लाल परमार सर ने अपने उदबोधन मैं बताया कि संस्था से पढ़ें ऐसे और भी कई छात्र/छात्राएं हैं जो आज अपनी सेवा शासकीय अशासकीय कार्यालय में दे रहे हैं, संस्था का हमेशा यही प्रयास रहता है कि ऐसे होनहार छात्र-छात्राओं को संस्था हमेशा मदद करें ।बधाईकर्ता :-संचालक मंडल व शाला परिवार के मार्गदर्शक शंकर लाल परमार, कुंवर लाल परमार, भीम सिंह ठाकुर एवं समिति अध्यक्ष अभिषेक परमार, प्राचार्य शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, उपप्राचार्य विकास चौरसिया, बी.एल. मालवीय, रवि पाठक, राजेश बड़ोदिया, रजत धारवां, संदीप ठाकुर, अनीता परमार, निमर्ला सारसिया, करिश्मा चौपड़ा, अंजली चौरसिया, अंजु नावड़े, नीता सक्सेना, इशा जैन, पायल ठाकुर, अवनि जैन, पूजा ठाकुर, सना अली, अपेक्षा पेरवाल, तेजू मेवाड़ा, विधि चौहान, आयुषी जैन, लक्ष्मी चौरसिया, ज्योति राजपूत आदि शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चे के उज्जवल भविष्य की कामना की।

पटाखा साइलेंसर लगी बुलेट जब्त

जावर। आष्टा पुलिस द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई करते हुए गश्त के दौरान एक बुलेट मोटर साइकिल को जब्त किया गया। वाहन चालक मुकेश पिता गोरेलाल बंजारा निवासी पचोर, जिला राजगढ़ द्वारा अपनी मोटर साइकिल में गैरकानूनी 'पटाखा साइलेंसर' लगाकर शहर में ध्वनि प्रदूषण फैलाया जा रहा था ,जिससे आम जनता में भय और अशांति की स्थिति उत्पन्न हो रही थी।थाना प्रभारी श्री गिरीश दुबे के नेतृत्व में की गई त्वरित कार्रवाई के तहत उक्त मोटर साइकिल को जब्त कर आरोपी चालक के विरुद्ध मोटर व्हीकल अधिनियम की विभिन्न धाराओं में चालानी कार्यवाही की गई।

लापरवाही के कारण कीचड़ भरे गड्ढों में तब्दील हुई सड़क, स्कूल के बच्चों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

ग्राम बमुलिया रायमल में सरकारी स्कूल के सामने लोकनिर्माण विभाग की सड़क आवागमन करने वाले वाहन चालको के लिए सड़क मुसीबत बनी हुई है। बड़े बड़े गड्ढे कीचड़ से आमजन परेशान हो रहे है। जावर तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बमुलिया रायमल व कजलास तक पहुंच मार्ग में जगह-जगह पानी भरा हुआ है। ग्राम बमुलिया रायमल के ग्रामीणों ने बताया कि लोकनिर्माण विभाग अधिकारी कर्मचारियों को कई बार बताया जा चुका है, पिछले महीने सड़क के गड्ढो की मरम्मत करवाने के लिए भी अवगत कराया गया। लेकिन कोई मरम्मत नही की गई। बरसात में बच्चे सड़क किनारे बने गड्ढो में होकर निकल रहे। जिसके कारण उनके कपड़े जूते मोजे तक खराब हो रहे है। दो दिन पहले एक बच्चे को एक लापरवाह वाहन चालक द्वारा गड्ढो में भरे पानी से बच्चे की टीशर्ट कीचड़ से गन्दी कर चुका है। पुरानी सड़क की मरम्मत नही करा पा रहा विभाग नई सड़क जल्द बनवाने का पिछले दो महीने से बोल रहा है लेकिन समस्या ज्यो की त्यों बनी हुई है। बरसात के भरे पानी के कारण गड्ढे के कारण बड़े छोटे वाहन चालकों को लिए भी नहीं देते है।

सांदीपनि विद्यालय में मनाया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के सांदीपनि विद्यालय उमावि आष्टा में लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार गुरूवार को गुरू पूर्णिमा के अवसर पर गुरू पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपति पुरूस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक पंडित संतोष शर्मा, सेवानिवृत्त शिक्षक पंडित दामोदरदास शर्मा, आई.डी.बी.आई. बैंक शाखा प्रबंधक शाहिद हफीज़ खान, प्राचार्य सितवत खान ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं गुरू वंदना कर किया गया। इस अवसर पर असमा खानम, सम्राट ढोके, पदमा परमार, पवन राया, निहायत मंसूरी, रघुवीर सिंह, राखी पोहाने, जितेन्द्र धनवाल, भूपेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र मेवाड़ा, जितेन्द्र मेवाड़े, नवीन मौर्य, मोनिका जैन, नेहा अंसारी, मनोज कुमार करमोदिया, डॉ. दीक्षा खंडेलवाल, मो. इमरान, अभिलाषा श्रीवादी, राम सिंह, तेजपाल सिंह, वीरेन्द्र सिंह, स्मिता नायर, हरिनारायण सिंह, संदीप जायसवाल, पवित्रा कुराड़िया, आराधना चन्द्रवंशी, महेश नरगावा, प्रकाश यादव, रवि कुमार, शैलेन्द्र कुमार, अंतिमबाला, दीपक डावर, लक्ष्मी परमार, आशा रावत, जसपाल सिंह, राजेन्द्र मौर्य, पल्लवी वर्मा, पूजा असाड़े, कृतिका वर्मा, नीता जैन, रामेश्वर दामड़िया, निर्मलदास बैरागी, जितेन्द्र कुमार, हेमंत मेवाड़ा, गौरीशंकर मालवीय, दिनेश गहरवाल, धीरज शर्मा, राजेश मालवीय, मनोज बड़ोदिया, विजय मंगल बगाना, निकिता शर्मा, डी.एस. मांडवा, कमलेश कुमार वर्मा, मुकुंद सिंह बरोड़िया, ज्ञान सिंह मेवाड़ा, राजेश राठौर, आशीष विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

घर के आंगन में जुआ खेलते हुए 5 को किया गिरफ्तार, एक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि लंगापुरा, आष्टा स्थित रफीक के मकान के आंगन में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया, जिनके निर्देशन में त्वरित कार्रवाई हेतु टीम गठित की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक गिरीश दुबे के मार्गदर्शन में गठित टीम ने सूचना स्थल पर दबिश दी। दबिश के दौरान नासिर शाह, निवासी डोराबाद, आष्टा, नासिर कुरैशी, निवासी आष्टा, अफसर कुरैशी, निवासी आष्टा, नफीस खा, निवासी किला, आष्टा, अतीक खा, निवासी किला को रंगे हाथ जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से कुल 18,050 नगद व ताश के पत्ते बरामद किए गए। सभी आरोपियों के विरुद्ध थाना आष्टा में जुआ एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। रफीक खां जो मौके से फरार हुआ प्रकरण मे आरोपी बनाया गया है। जो अपने आंगन मे जुआ खिलवा रहा था। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक गिरीश दुबे, प्रधान आरक्षक पुष्पेंद्र द्विवेदी, मुकेश शर्मा, आरक्षक अमन जाटव, मेहरवान परमार, शुभम मेवाड़ा, अभिषेक गोस्वामी की सराहनीय भूमिका रही।

गुरु-शिष्य परम्परा निभाने का पर्व है गुरु पूर्णिमा : जसपाल सिंह अरोरा

सीहोर। गुरु-शिष्य परंपरा को निभाने का सबसे महत्पूर्ण पर्व गुरु पूर्णिमा का है। गुरु पूर्णिमा का पर्व सदियों से मनाया जा रहा है। आज भी गुरु पूर्णिमा पर गुरु-शिष्य परंपरा निभाई जा रही है। शिष्य अपने गुरुओं की शरण में पहुंचकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त करते हैं और गुरु उन्हें सतमार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं, शिक्षा देते हैं। यह बात भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला पंचायत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने कही। वे गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सीहोर नगर में निकाली गई साईं पालकी में शामिल हुए तो वहीं उन्होंने सीहोर नगर के प्रमुख कथावाचकों, गुरुओं का आशीर्वाद प्राप्त किया एवं उनका गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सम्मान भी किया। अरोरा ने नगर में निकली साईं पालकी में शामिल होकर फूलों की बारिश भी की। इसके बाद वे गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सीहोर नगर के संत, कथावाचकों के सानिध्य में पहुंचे और वहां उन्होंने उनका फूलमाला पहनाकर, श्रीफल,शॉल देकर सम्मान भी किया। वरिष्ठ नेता जसपाल सिंह अरोरा इस दौरान जगत गुरु अजय पुरोहित, पंडित मोहितराम पाठक, उद्धवदासजी महाराज की शरण में पहुंचे और उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।

श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर अलीपुर में चल रहा चातुर्मास

आत्म गुणों से गुरुत्व को प्राप्त करने वाला जीव सुखी: मुनीश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आज का दिन सामान्य दिन नहीं है ,आज का विशेष दिन गुरु पूर्णिमा का दिन है ।क्योंकि आज के दिन गौतम स्वामी को अपने गुरु महावीर स्वामी के दर्शन हुए थे और उन्होंने भगवान महावीर स्वामी को अपना गुरु माना था।वैसे ही गुरु के दर्शन से मिथ्यात्व का सत्ता में उदय होने से वह मिथ्यात्व गलन को प्राप्त हो गया अर्थात ऐसा माना जाता है कि गुरु का दर्शन बड़े पुण्य के उदय से मिलता है , गुरु के दर्शन में अनंत शक्ति छुपी होती है। गुरु ही शिष्यों का जीवन संवारने के साथ मोक्ष मार्ग प्रशस्त करते हैं।उक्त बातें श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर अरिहंत पुरम अलीपुर में चातुर्मास हेतु विराजमान मुनिश्री प्रवर सागर मुनिराज ने आशीष वचन देते हुए कहींधर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री ने गुरु की महिमा बताते हुए कहा कि गुरु की महिमा वरनी ना जाए गुरु नाम जपो मन वचन काय।आपने चातुर्मास के बारे में बताते हुए कहा कि गुरु के वचन और जिनवाणी सुनने को हमें बेचैन रहना चाहिए ,इससे हम अनंत भवों के पुण्य का संचय कर सकते हैं। यदि ऐसी भावना श्रावक की रहती है तो समझ लेना चाहिए कि धर्म ध्यान चल रहा है, समय के महत्व को बताते हुए कहा कि यदि प्रवचन का समय 9 बजे का है तो श्रावक को समय पर आकर जिनवाणी का श्रवण करके हम अपने जिनेन्द्र देव और जगत कल्याणी मां जिनवाणी का सम्मान कर सकते हैं।

जब तक जीवन में गुरु नहीं तब तक जीवन शुरू नहीं: कृष्णा मां

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

ब्रह्मानंद जन सेवा संघ मालीपुरा आष्टा के पावन तत्वावधान में आयोजित श्री गुरु पूर्णिमा अमृत महोत्सव के विराम दिवस पर आज आष्टा क्षेत्र के विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह मालवीय, जनपद अध्यक्ष दीक्षा सोनू गुणवान, जनपद उपाध्यक्ष गजराज सिंह जी पटेल आदि हजारों भक्तों ने मां कृष्णा जी की अमृतवाणी का लाभ लिया। आज सैकड़ो भक्तों ने गुरु दीक्षा प्राप्त की सभी गुरु भक्तों ने अपने गुरु की चरण वंदना कर पूजा आरती की। दिनभर भंडारे का आयोजन चला रहा। आज के सत्संग में पूज्य कृष्णा मां ने अपनी अमृतवाणी में कहा की: १ जब तक जीवन में कोई सद्गुरु नहीं है जब तक सही तरीके से जीवन की शुरुआत नहीं होती है। एक बार नारद जी भगवान नारायण की सभा से उठकर जा रहे थे तब भगवान ने लक्ष्मी जी से कहा कि जहां नारद जी बैठे थे उस जगह को गाय के गोबर से लिप दिजिए ।नारद जी ने कहा कि ऐसा क्यों तब भगवान नारायण ने कहा कि तुम्हारे जीवन में कोई गुरु नहीं है इसके बाद भगवान नारायण जी की आज्ञा से नारद जी गुरु ढूंढने गए रास्ते में मछीयारा मिला। फिर नारदजी ने उन्हीं को गुरु बनाया। जिसके जीवन में गुरु नहीं होता है वह 84 के चक्कर में भटकता रहता है। रावण के जीवन में कोई गुरु नहीं था और दुर्योधन ने मामा शकुनि को अपना गुरु बनाया। इसलिए उनका अंत हुआ। कर्म हमेशा लौट कर आता है हम जो करते हैं वह किसी ने किसी जन्म में वापस आता है। कर्म की फसल इंसान को हर हाल में काटनी ही पड़ती है। इसलिए हमेशा अच्छे बीज बोए ताकि फसल अच्छी हो। प्रभु ना दंड देता है ना माफ करता है, वह तो कर्म फल तराजू है ।सुख का बटन तो हमारे पास है हम ही ऑन करते हैं और हम ही ऑफ करते हैं।